'वोट करूंगी तभी तो बढ़ूंगी' स्लोगन के साथ महिलाओं ने दिया मतदान का संदेश

बीकानेर, (कासं)। सतरंगी सप्ताह के छठे दिन सोमवार को महिला एवं बाल विकास तथा महिला अधिकारिता विभाग ने शहर के विभिन्न स्थानों पर रंगोली व महिला मार्च के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान का संदेश दिया। ऑरेंज रंग थीम और 'वोट करूंगी, तभी तो बढ़ूंगी' स्लोगन के साथ महिलाओं ने लोकतंत्र के त्योहार में भागीदारी का आव्हान किया।

मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ। जहां जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जिले में महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सतत और सामूहिक प्रयास किए जाएं। इसमें महिला एवं बाल विकास तथा महिला अधिकारिता विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा गत चुनाव में न्यून महिला मतदान वाले केन्द्रों पर अगले चार दिन विशेष गतिविधियां चलाई जाए।

इन क्षेत्रों में मतदान से वंचित महिलाओं को प्रेरित किया जाए। उन्होंने यहां से महिला मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मार्च विभिन्न मार्गों से होता हुआ बीकाणा चौपाटी के पास पहुंचा।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई, महिला अधिकारिता की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना, बाल विकास परियोजना अधिकारी शक्ति सिंह कच्छावा, संरक्षण अधिकारी सतीश परिहार, प्रचेता विजय लक्ष्मी जोशी, पर्यवेक्षक मंजू भांभू सहित विभिन्न अधिकारी और आंगनबाड़ी केन्द्रों की कार्मिक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन स्वीप प्रकोष्ठ के गोपाल जोशी ने किया। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता द्वारा जिला कलेक्टर परिसर, बीकाणा चौपाटी, पब्लिक पार्क परिसर स्थित सेल्फी पॉइंट तथा जय नारायण व्यास कॉलोनी सर्किल पर मतदान अवश्य करें का संदेश देती रंगोली सजाई गई। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नत्थूसर गेट, जस्सूसर गेट, गंगा शहर सर्किल और पवनपुरी क्षेत्र में रंगोली सजाई गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश अनुसार जिले भर के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रंगोली और महिला मार्च कार्यक्रम हुए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। रंगोलियों में विभिन्न नारे और स्लोगन उकेरे गए। वहीं विभिन्न मोबाइल एप्स और निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। विभिन्न स्थानों पर महिला मार्च के दौरान पीले चावल बांटकर 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान का आव्हान किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने बताया कि सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को वोट ट्री और दीपदान का कार्यक्रम होगा।

बीकाणा चौपाटी में सायं 6 बजे से होने वाले कार्यक्रम में नैतिक एवं सूचित मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। थीम का रंग लाल और स्लोगन 'लालच पर होगी चोट, सोच समझकर करें वोट' होगा।

कल सायं 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद : जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रथम चरण में 19 अप्रैल को गंगानगर संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान होगा। आयोग के निर्देशानुसार समस्त राजनैतिक दल व गंगानगर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचन में भाग ले रहे सभी उम्मीदवार 17 अप्रैल सायं 6 बजे के बाद इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार नहीं करेंगे। सायं 6 बजे से प्रचार बंद हो जायेगा।

18 व 19 अप्रैल को प्रिन्ट मीडिया में विज्ञापन देने से पूर्व जिला स्तरीय विज्ञापन अधिप्रमाणन समिति से प्रिन्ट मीडिया के विज्ञापनों का अधिप्रमाणन करवाकर ही प्रिन्ट मीडिया में विज्ञापन प्रसारित किये जा सकते हैं। 18 व 19 अप्रैल को समाचार पत्रों में छपने वाले राजनैतिक दलों व उम्मीदवारों के विज्ञापनों का प्रकाशन अधिप्रमाणन के बाद ही किया जा सकेगा।

18 व 19 अप्रैल को ई-पेपर व इलेक्ट्रोनिक मीडिया में किसी प्रकार के चुनाव से संबंधित विज्ञापन प्रसारित नहीं होंगे।

महिला एवं बाल विकास तथा महिला अधिकारिता विभाग की ओर से सतरंगी सप्ताह के छठे दिन महिला मार्च निकाल कर मतदान का संदेश दिया।

- जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि ने महिलाओं को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई
- उन्होंने कहा कि जिले में महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में सतत और सामूहिक प्रयास किए जाएं

रैली से दिया मतदान का संदेश

श्रीगंगानगर, (कासं)। डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर ने नोडल के रूप में स्वीप समिति के तत्वावधान में मतदाता जागरुकता रैली निकाली।

लोकसभा चुनाव को लेकर सतरंगी सप्ताह के पांचवें दिन स्वीप जागरुकता के तहत शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसकी थीम पीले वस्त्र रखी गई। विभिन्न महाविद्यालयों से पहुंचे विद्यार्थियों और उनके प्रभारी ने पीले रंग के वस्त्र-टोपियां पहन रखी थी। जिन पर मतदाता जागरूकता के लोगो अंकित थे। विद्यार्थियों ने हाथों में झंडे, बैनर और पोस्टर लेकर रैली की शुरूआत की। इस रैली को झंडी दिखाते हुए जिला परिषद सीईओ और जिला स्वीप अधिकारी मृदुल सिंह ने रवाना किया।

डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. बलवंत सिंह चौहान ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। नोडल स्वीप प्रभारी डॉ.भूपेन्द्र महेन्द्रा ने बताया कि इसमें चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्री गुरूनानक कन्या महाविद्यालय, डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, राजकीय विधि महाविद्यालय सहित कई महाविद्यालयों के लगभग 260 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इसी तरह लाधूवाला ग्राम पंचायत की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आओ बूथ चले अभियान के तहत रविवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। ग्राम विकास अधिकारी रामकुमार भांभू ने बताया कि यह रैली ग्राम पंचायत भवन से शुरू होकर पोलिंग बूथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से होते हुए वापस ग्राम पंचायत भवन पहुंची।

सार-समाचार

बालिकओं ने ली मतदान की शपथ

आरसेटी की प्रशिक्षणार्थी बालिकाओं ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली।

बीकानेर,(कासं)। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न ट्रेड्स का प्रशिक्षण ले रही छात्राओं ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। बालिकाओं ने रंगोली सजाई और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान स्वीप सह प्रभारी हरिशंकर आचार्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार, स्वीप सेल केगोपाल जोशी ने मतदान से जुड़ी विभिन्न जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अग्रणी बैंक यदुनंदन नारायण व्यास एवं संस्था निदेशक दिनेश कुमार जैन मौजूद थे। एलडीएम व्यास ने एसबीआई द्वारा करवाई जा रही मतदाता जागरूकता गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आरसेटी और राजीविका के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। राजीविका के जिला प्रबंधक मणिशंकर हर्ष ने मतदान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की। श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक दिनेश कुमार जैन ने आभार जताया। कार्यक्रम का आयोजन सना मिर्जा और संचालन कपिल पुरोहित द्वारा किया गया।

लघु कथाकार कादरी का अभिनंदन

साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने लघु कथाकार अशफाक कादरी का अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। सखा संगम बीकानेर के तत्वावधान राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वरिष्ठ लघुकथाकार अशफाक कादरी की रचनाओं पर चर्चा का आयोजन कृपाल भैंरू सदन में किया गया। कार्यक्रम में कादरी का अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता सखा संगम के अध्यक्ष एन. डी. रंगा ने की तथा विशिष्ट अतिथि व्यंगकार-सम्पादक डॉ. अजय जोशी थेंकार्यक्रम में मुख्य अतिथि कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि कादरी की लघु कथाओं में मानवीय प्रेम और सद्भाव का संदेश है, जो राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित और पुरस्कृत हुई है। जोशी ने कहा कि कादरी की रचनाओं में सामाजिक सरोकार समासिक संस्कार की कोशिश होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एन. डी. रंगा ने कहा कि कादरी ने बीकानेर के साहित्य, कला, संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित किया है। कार्यक्रम में शिक्षाविद भगवानदास पडिहार, समाजसेवी खूमराज पंवार, नागेश्वर जोशी, बृजगोपाल जोशी ने भी कादरी के साहित्य सृजन पर विचार रखे। इस अवसर पर अशफाक कादरी ने अपनी चर्चित लघु कथाओं का वाचन भी किया। अतिथियों ने अशफाक कादरी को अभिनंदन पत्र, शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया।

पानी पुरी से दिया मतदान का संदेश

लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर धर्मेन्द्र अग्रवाल ने 2100 पानी पुरी से मतदान का संदेश दिया।

बीकानेर, (कासं)। लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर बीकानेर के धर्मेन्द्र अग्रवाल व अग्रवाल चेतना समिति द्वारा सोमवार को अलग-अलग फ्लेवर के 2100 पानी पुरी से 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में वोट करने का संदेश दिया। अग्रवाल इससे पहले विधानसभा चुनाव में भी इसी तरीके से जागरूकता का संदेश दे चुके हैं। अग्रवाल चेतना समिति के अध्यक्ष सुशील बंसल ने कहा कि उनकी समिति द्वारा निर्वाचन तिथि तक मतदाता जागरूकता की मुहिम सतत रूप से संचालित की जायेगी। इस दौरान सभी ने शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। इस दौरान संतोष गुप्ता, लव अग्रवाल और राजेश भार्गव द्वारा मतदान का संदेश दिया गया।

निर्वाचन व्यय लेखों की जांच आज

श्रीगंगानगर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गंगानगर लोकसभा क्षेत्र के अभ्यथिर्यों के निर्वाचन व्यय लेखों का तृतीय निरीक्षण 16 अप्रैल को व्यय पर्यवेक्षक की अध्यक्षता में प्रात: 10 बजे जिला परिषद सभागार में रखा गया है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह ने बताया कि निरीक्षण में लोकसभा क्षेत्र गंगानगर की समस्त विधानसभा क्षेत्र में गठित सहायक व्यय पर्यवेक्षक एवं लेखा दल के प्रभारी अधिकारी समस्त रिकॉर्ड के साथ उपस्थित होंगे। लोकसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत मतदान दलों व माइक्रो आब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाइजेशन 17 अप्रैल को दोपहर 1.30 बजे डीओआईटी वीसी कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में किया जाना प्रस्तावित है।

गंगाशहर सैटेलाइट अस्पताल में प्रसूति सेवाएं शुरू

बीकानेर,(कासं)। गंगाशहर राजकीय सैटेलाइट अस्पताल में चिर प्रतीक्षित प्रसूति सेवाएं प्रारम्भ हो गई है।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश बाल्मिकी ने बताया कि अस्पताल में कार्यरत स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. खुशबू जोशी ने सुनीता धर्मपत्नी चम्पालाल की प्रथम डिलीवरी करवाई। शिशु रोग चिकित्सक विजयपाल सुनिया ने बताया कि प्रसूता एवं नवजात बेबी पूर्ण स्वस्थ है। गंगाशहर नागरिक परषिद के गंगाशहर इकाई के चेयरमैन जतनलाल दुगड़ ने बताया कि इस अस्पताल को वर्ष 1963 में मेटरनिटी हॉस्पिटल के उद्देश्य से ही भट्टड़ परिवार द्वारा निर्मित करवाया गया था। लेकिन कुछ समय के बाद यहां प्रसूति की सेवाएं स्थगित कर दी गई थी।

परिषद सन् 2006 से इस अस्पताल को गोद लेकर निरन्तर इसके रख-रखाव व चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार के लिए कटिबद्ध है। परिषद के सम्पतलाल दुगड़ ने बताया कि 2018 में अर्जुनराम मेघवाल के सांसद कोटे व सिद्धीकुमारी के विधायक कोटे के सहयोग से प्रसूति सुविधाओं के लिए नव निर्माण करवाया गया था। महेन्द्र चौपड़ा ने बताया कि इस विभाग में प्रसूति के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध तथा गंगाशहर नागरिक परिषद् द्वारा वातानुकूलन व आवश्यक कार्य भी करवाया गया।

प्रसूति विभाग का लोकार्पण भी पिछले 12 मार्च 2024 को किया गया था। बीकानेर जिला भाजपा के महामंत्री मोहन सुराणा ने भी खुशी जाहिर कि और कहा कि अस्पताल के विकास में हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

गंगाशहर नागरिक परिषद् कोलकाता के अध्यक्ष मदन मरोटी ने बताया कि यहां प्रसूति सुविधाएं प्रारम्भ करने के लिए प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज डॉ गुंजन सोनी व अस्पताल अधीक्षक डॉ. मुकेश वाल्मीकि के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। गंगाशहर नागरिक परिषद के विश्वेश्वर भट्टड़ ने कहा कि नवरात्रा के मध्य सप्तमी के दिन कन्या का जन्म बहुत शुभ है। इस अवसर पर अस्पताल में चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ सहित कर्मचारियों व उपस्थित सभी रोगियों व उनके परिजनों को गंगाशहर नागरिक परिषद द्वारा मिठाई बांटकर खुशी व्यक्त की गई। अस्पताल में प्रसूति सेवाएं प्रारम्भ करने में सभी सहयोगी जनों का आभार व्यक्त किया गया।

- स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. खुशबू जोशी ने सुनीता की प्रथम डिलीवरी कराई

यष्टिका आचार्य ने गोल्ड जीता

बीकानेर, (कासं)। मुरलीधर कन्या महाविद्यालय की यष्टिका आचार्य ने ओपन स्टेट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सब जूनियर प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल तथा सीनियर प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय एवं बीकानेर का नाम रोशन किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने बताया कि 28 से 31 मार्च तक राजस्थान पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन उदयपुर द्वारा भीलवाड़ा में आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से खिलाड़ियों ने सहभागिता की जिसमें यष्टिका आचार्य ने पदक जीते है।

डॉ. पुरोहित ने बताया कि सुश्री यष्टिका का उड़ीसा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय क्लासिक पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में चयन हुआ है। डॉ. पुरोहित ने बताया कि महाविद्यालय पधारने पर यष्टिका का विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने भावभीना स्वागत किया। इससे पूर्व भी यष्टिका ने पदक जीत बीकानेर को गौरान्वित किया है।

अगले महीने होगा नहरी पानी का निर्धारण

-कपास की बिजाई के लिए किसान मांग रहे नहरी पानी

-इस बार सवा दो लाख हेक्टेयर में कपास की बिजाई का लक्ष्य निर्धारित

हनुमानगढ़, (कासं)। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) की बैठक सोलह अप्रेल को चंडीगढ़ में होगी। इसमें राजस्थान सहित अन्य राज्यों को अगले महीने मिलने वाले नहरी पानी का निर्धारण किया जायेगा।

बैठक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व जल संसाधन विभाग हनुमानगढ़ के मुख्य अभियंता अमरजीत सिंह मेहरड़ा करेंगे। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास रहेगा कि हम राजस्थान के किसानों के हितों का ध्यान रखते हुए अधिकतम पानी दिलाएं। लेकिन बांधों में उपलब्ध पानी की समीक्षा के बाद ही शेयर का निर्धारण किया जायेगा। इस बीच कपास की बिजाई के लिए क्षेत्र के किसान नहरी पानी की तरफ नजर लगाए बैठे हैं। इसकी बिजाई का उपयुक्त समय बीस अप्रेल से बीस मई तक माना जाता है। इस स्थिति में जल्द इंदिरा गांधी व भाखड़ा नहर में सिंचाई पानी नहीं चलता है तो कपास बिजाई का कार्य प्रभावित होगा।

इस बार दो लाख बीस हजार हैक्टेयर में कपास की बिजाई का लक्ष्य रखा गया है। इस स्थिति में किसानों को अब नहरी पानी मिलने का इंतजार है। हनुमानगढ़ में कृषि विभाग के सहायक निदेशक बी. आर. बाकोलिया के अनुसार गत वर्ष बीटी कॉटन की मार्च के अंत से बुआई शुरू हो गई थी। मई तक परिवर्तनशील मौसम के बीच कॉटन की बढ़वार अच्छी रही।

- आज चंडीगढ़ में होगी भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड की बैठक

'मतदाताओं को प्रभावित करने पर कार्रवाई हो'

श्रीगंगानगर, (कासं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के अंतिम 72 घंटों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार मतदान के अंतिम 72 घंटों के लिये दिशा-निर्देश तथा इस संबंध में चुनाव वाले क्षेत्रों में प्रभावी कार्य योजना, निर्माण, रात्रि चौकसी में वांछित वृद्धिकरण कर आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है। मतदान पूर्व के अंतिम 72 घंटों तथा मतदान के दौरान अवैध वस्तुओं यथा नगद, लिकर, हथियार और उपहार के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किये जाने की बलवती आशंका रहती है। इस क्रम में लिकर, नगद और उपहार के अवैध वितरण के विरूद्ध अभियान चलाकर अधिकाधिक जब्ती की कार्यवाही की जाये।

निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण से जुड़ी टीमें, उड़नदस्ते, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, वीवीटी, ईएमसी, उत्पाद शुल्क टीम, एमसीएमसी, डीईएमसी, लेखांकन टीम, 27 गुणा 7 जिला ईईएम नियंत्रण कक्ष आदि को मतदान के अंतिम 72 घंटों के दौरान सुदृढ़ीकृत किया जाकर कार्य किया जायेगा। मतदान केन्द्रों के निकट तैनात उड़नदस्ते, स्थैतिक निगरानी दल जहां कही भी अपेक्षित हो, के लिये केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

नौ मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

बीकानेर, (कासं)। जांच के दौरान विभिन्न अनियमितता पाए जाने पर 9 मेडिकल स्टोर्स के अनुज्ञा पत्र निलम्बित किए गए हैं।

सहायक औषधि नियंत्रक देवेंद्र कुमार केदावत ने बताया कि काकड़ा स्थित गोदारा मेडिकल एंड जनरल स्टोर, नोखा स्थित बाबा रामदेव मेडिकोज के अनुज्ञापत्र 5 दिनों के लिए, गिरीराजसर स्थित दुर्गा मेडिकल स्टोर, रणजीतपुरा स्थित चौधरी मेडिकल, बेनीसर स्थित हर्षप्रभा मेडिकल एंड जनरल स्टोर, नोखा स्थित हैल्थ केयर मेडिकल स्टोर एवं बी एल फार्मा, इंदपालसर सांखला स्थित बाबा रामदेव मेडिकल एंड जनरल स्टोर के अनुज्ञापत्र 10 दिनों के लिए लाइसेंस निलंबित किया गया।

पश्चिमी विक्षोभ से बारिश का यलो अलर्ट अलर्ट जारी

हनुमानगढ़, (कासं)। पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में कई जगह हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया।

इस बीच मौसम विभाग ने अलवर, बांसवाड़ा, बारां, भरतपुर, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, डुंगरपुर, जयपुर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, प्रतापगढ़, सीकर, उदयपुर, चूरू, हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर में बारिश का यलो अलर्ट अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार यहां मेघगर्जन, वज्रपात के साथ 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके असर से वापस बारिश का मौसम रहेगा।

वहीं हनुमानगढ़ जिले में आसमान में बादलवाही रही। इस बीच तेज हवाओं के चलने का दौर जारी रहा, लेकिन जिला मुख्यालय पर मेघ नहीं बरसे। इससे पहले देर रात तक मेघ बरसते रहे। इससे गर्मी का असर कम हुआ। बताया जा रहा है कि पांच से छह एमएम तक बारिश हुई है। इतनी बारिश में खरीफ फसलों की बिजाई नहीं हो सकती। अभी खरीफ फसलों की बिजाई का उपयुक्त समय भी नहीं माना जा रहा है। पल्लू में हवाओं के बदलते रूख, आसमान में बादलों की दो दिन से निरंतर आवाजाही से तहसील क्षेत्र में लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन रबी फसल की कटाई कर रहे किसानों के लिए थोड़ा चिंता का कारण भी रहा। सुबह से ही आसमान में बादल छाये रहे तो सुबह हुई हल्की बारिश से मौसम खुशनुमा बन गया।

किसानों की कटी हुई रबी फसल की ढेरियां जो खेतों में पड़ी है। किसान नत्थूराम जाखड़ ने बताया कि खेतों में कटी फसल में बारिश से नमी आयेगी, जिससे थ्रेसर में कठिनाई आयेगी। इसलिए चार पांच दिन मौसम सही रहता है, तो किसान अपनी फसल को निकाल कर घर ले आयेगा।

- 18 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी

कोलायत के सबसे कम मतदान वाले भाणेका गांव में वोट बारात निकाली

-जिला निर्वाचन अधिकारी भी पहुंची, ग्रामीणों से की अधिक से अधिक मतदान की अपील

बीकानेर, (कासं)। गत लोकसभा चुनाव में सबसे कम मतदान वाले दूरस्थ मतदान केन्द्रों में जागरूकता के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी श्रंखला में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता वृष्णि की पहल पर कोलायत के भाणेका गांव में वोट बारात निकाली गई। सजे-धजे ऊंट, पारंपरिक वेशभूषा में रोबीले और लोक वाद्य यंत्रों की सुमधुर स्वर लहरियां ग्रामीणों के लिए आकर्षण का विशेष केन्द्र रहीं।

इस दौरान दुल्हे दुल्हन और बारातियों ने शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी भी भाणेका पहुंची और ग्रामीणों से शत प्रतिशत मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि गत चुनाव में महिला मतदान का प्रतिशत और भी अधिक न्यून रहा। इसके मद्देनजर इस दिशा में विशेष प्रयास हों। उन्होंने कहा कि महिला मतदाताओं के लिए आवश्यकता के अनुसार राजकीय वाहनों की व्यवस्था की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि भाणेका गांव के एक मतदान केन्द्र पर गत चुनाव में सिर्फ 33.61 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो कि विधानसभा क्षेत्र का सबसे कम मतदान प्रतिशत था। इस बूथ पर महिला मतदान प्रतिशत और कम था। इसके मद्देनजर यहां विशेष गतिविधियां हुई। इस दौरान कठपुतली खेल के माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने वोट बारात के रवाना किया। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों। की भागीदारी रही, जो नाचते-झूमते गांव के प्रमुख मार्गों से निकले और आमजन को मतदान की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कोलायत के सबसे कम मतदान वाले भाणेका गांव में मतदान बढ़ाने के लिए वोट बारात को रवाना किया।

- सजे-धजे ऊंट, पारंपरिक वेशभूषा में रोबीले और लोक वाद्य यंत्रों की स्वर लहरियां ग्रामीणों के लिए आकर्षण का विशेष केन्द्र रही

चिकित्सालय में बैंच भेंट

बीकानेर, (कासं)। राजकीय जिला अस्पताल जस्सूसर गेट मे सोमवार को पंडित बंशीधर बिस्सा धर्मार्थ एवं पुण्यार्थ प्रन्यास बीकानेर की ओर से मरीजों के बैठने की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय मे पांच बैंच भेंट की।

इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष, शांति प्रसाद बिस्सा, कन्हैया लाल जोशी, गोवर्धन आसोपा, सुनील जोशी, श्रीधर बिस्सा, विनय थानवी, सुनील पारीक आदि उपस्थित रहे। आपको बता दें कि पिछले वर्ष प्रन्यास की ओर से चिकित्सालय में 12 छत पंखे लगवाए गए थे। इस अवसर पर प्रन्यास के सदस्यों ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर पंडित बंशीधर बिस्सा यथा शक्ति सहयोग के लिए सदैव तत्पर है।

वहीं द बीकानेर एंड जयपुर बैंक एम्पलाइज हाउसिंग कॉपरेटिव सोसायटी की आमसभा 24 अप्रैल को मोहन नगर घड़सीसर स्थित सोसायटी के नवनिर्मित कार्यालय में की जायेगी। आम सभा में प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा।

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर (राजस्थान)

क्रमांक:- नियमन/2024/2857 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 15/04/2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति राजगुरू पत्नी श्री महावीर प्रसाद एवं श्री आरव पुत्र श्री महावीर प्रसाद जरिये कुदरती वली माता श्रीमती ज्योति राजगुरू निवासी म.न. सी-3, सैक्टर 17, सिद्धि-सिद्धि-II कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकॉर्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण			आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का वितरण	
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	मृत्यु प्रमाण पत्र एवं विवरण	जायज वारिसों का विवरण	दस्तावेजों का विवरण
चक 4 एमएल मुरब्बा नं. 19 किला नं. 14 माप 25 इन्दू 50 फीट भूखण्ड संख्या सी-03	आवासीय नियमन पट्टा संख्या 12470 दिनांक 02.11.2021 को श्री महावीर प्रसाद पुत्र श्री लेखराम के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है।	श्री महावीर प्रसाद की मृत्यु दिनांक 17.11.2022 को हो चुकी है।	1. ज्योति राजगुरू-पत्नी 2. आरव -पुत्र	श्री महावीर प्रसाद की मृत्यु उपरान्त इनके वारिसों द्वारा श्री महावीर प्रसाद का मृत्यु प्रमाण पत्र, वारिस प्रमाण पत्र एवं पट्टे की प्रति प्रस्तुत कर भूखण्ड के नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। इस सम्बन्ध में **श्रीमती ज्योति राजगुरू पत्नी श्री महावीर प्रसाद एवं श्री आरव पुत्र श्री महावीर प्रसाद जरिये कुदरती वली माता श्रीमती ज्योति राजगुरू** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर